

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

लंदन में फैमिली के साथ टाइम बिता रहीं अनुष्का


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 94 ■ गुरुवार 18 जून 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe


# शहर में फर्जी डॉक्टरों की भरमार

## लोगों की सेहत से खिलवाड़ — पुलिस में केस दर्ज होने के बाद भी धड़ल्ले से कर रहे हैं प्रैक्टिस



■ **महानगरपालिका प्रशासन पर सवालिया निशान?**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा और हेल्थ डिपार्टमेंट ने कई फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज करने का दावा किया है, लेकिन असल में यह बात सामने आई है कि शहर में अभी भी फर्जी डॉक्टरों के क्लीनिक चल रहे हैं। आरोप है कि क्लीनिक बंद कराने के लिए कार्रवाई न करने और इन फर्जी डॉक्टरों का साथ देने की वजह से उन्होंने फिर से क्लीनिक खोलने की हिम्मत की है। हालांकि, इसकी वजह से उल्हासनगर में मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है और इसे रोकने की मांग हो रही है।

उल्हासनगर मनपा और हेल्थ अधिकारियों ने इलेक्ट्रोपैथी जैसी फर्जी डिग्री वाले 26 फर्जी डॉक्टरों को पकड़ा था, जो एक ऐसा मेडिकल तरीका है जिसे भारत में मान्यता नहीं मिली है। उस समय, एक जागरूक डॉक्टर की लगातार शिकायतों के बाद कई फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ क्रिमिनल केस और जांच की कार्रवाई की गई थी।

उल्हासनगर मनपा प्रशासन की तरफ से 5 मार्च 2025 को पुलिस उपायुक्त को दिए गए लेटर के मुताबिक, 18 फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे और उनके खिलाफ एक और केस दर्ज करने की मांग की गई थी। बाद में, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ डिपार्टमेंट ने जून 2025 में उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को लेटर लिखकर बताया था कि क्लीनिक बिना सील किए चल रहे हैं। उसके बाद क्लीनिक सील करने के ऑर्डर दिए गए थे। हालांकि, उसके बाद भी कई क्लीनिक चल रहे हैं।




प्रतीकात्मक फोटो

सूत्रों से पता चला है कि उल्हासनगर के कैंप-4 इलाके में जिन दो क्लीनिकों पर पहले एक्शन लिया गया था, वे अभी भी चल रहे हैं। यहां मरीजों की जांच और इलाज किया जाता है। पता चला है कि यहां के एक क्लीनिक में जिस फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एक्शन लिया गया था, वह एक महिला डॉक्टर की मदद से बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवाइयां दे रहा है।

इस बीच, उल्हासनगर के कैंप-5 इलाके में एक फर्जी डॉक्टर बिना किसी वैलिड डिग्री के मरीजों की जांच कर रहा है और दवाएं बेच रहा है। इस फर्जी डॉक्टर ने टेक्निकल दिक्कतों से बचने के लिए यहां सिर्फ जनरल स्टोर नाम का बोर्ड लगा रखा है। इसी इलाके के एक और हॉस्पिटल में डॉक्टर की कुर्सी पर किसी और के नाम से इलाज किया जा रहा है।

मामले दर्ज होने और बार-बार जांच के बावजूद यह फर्जी डॉक्टर उल्हासनगर में खुलेआम प्रैक्टिस कर रहा है, जो महानगर पालिका और पुलिस की कार्रवाई पर बड़ा सवालिया निशान लगा रहा है। कुछ ईमानदार डॉक्टर यह सवाल उठा रहे हैं कि इन फर्जी डॉक्टरों को खुलेआम प्रैक्टिस करने की ताकत और आजादी कौन देता है।

> फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे फर्जी डॉक्टरों को ढूंढने, उनके खिलाफ केस फाइल करने और उनके क्लिनिक सील करने के आदेश दिए गए हैं।
>
> **– डॉ. धीरज चव्हाण,** एडिशनल कमिश्नर, उल्हासनगर मनपा

इसलिए, डॉक्टर अब मांग कर रहे हैं कि मरीजों की जान से यह खिलवाड़ बंद होना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

फर्जी डॉक्टरों के मामले में दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चार्जशीट भी फाइल की गई है। हालांकि, एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि मनपा प्रशासन की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।

# दहेज प्रताड़ना: डॉक्टर की पत्नी ने की आत्महत्या

■ **डॉक्टर गिरफ्तार**

■ **दहेज के लिए परेशान करने पर विवाहिता ने लगाई फांसी**

■ **सास व देवर फरार**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक डॉक्टर की पत्नी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद महिला के पिता ने आरोप लगाया है कि पति डॉक्टर, सास, देवर उसे दहेज केलिए मानसिक, शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे. शिवाजी नगर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करके पति डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सास और देवर फरार बताए जा रहे हैं.

पालेगांव ओमसाई रिजेंसी गृहसंकुल में रहने वाली विशाखा नितिन तिलेकर (26) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. विशाखा की शादी डेढ़ माह पहले 30 अप्रैल को डॉ. नितिन तिलेकर के साथ हुई थी. मृत विवाहिता के पिता अनिल शिंदे ने शिवाजी नगर पुलिस में अपराध दर्ज कराया है कि शादी के बाद से ही विशाखा के पति और ससुराल वाले दहेज लाने के लिए मानसिक व शारीरिक परेशानी दिया करते थे. वह सब विशाखा से मायके से सोना और पैसा लाने के लिए मारते-पीटते और दबाव डालते थे. शिंदे गरीब हैं और वह रिक्शा चालक हैं. इसलिए ससुराल वालों की डिमांड वह पूरा नहीं कर सके. आखिर ससुराल वालों के जुल्म से तंग आकर विशाखा ने आत्महत्या कर ली. शिवाजी नगर पुलिस ने पति नितिन तिलेकर, सास छाया तिलेकर, देवर निनाद तिलेकर के खिलाफ अपराध दर्ज करके पति डॉ. नितिन तिलेकर को गिरफ्तार कर लिया है. सास और देवर फरार बताए जा गए हैं. जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि सास और देवर पुलिस स्टेशन में हाजिर थे, फिर वह फरार कैसे हो गए? मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक चित्रा चौधरी कर रही हैं.

# उपनगराध्यक्ष विवादों में

## कच्चे नवनिर्मित पुल पर से ले गए वाहन



■ **नगरसेविका ने जताया रोष**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में बी केबिन रोड से हरिओम पार्क जाने वाले नाले पर जूना पुल तोड़ कर नए पुल का निर्माण किया गया है. इस पुल निर्माण के लिए 57 लाख रुपयों की निधि मंजूर की गई है. इस पुल निर्माण पर वाद-विवाद भी चल रहा है. पुल निर्माण को 15 दिन बीत जाने के बाद अंबरनाथ के उप नगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने नवनिर्मित पुल के ऊपर से अपनी चार पहिया वाहन लेकर गुजरे. जिसके बाद यहां के निवासी एवं रिक्शा चालकों ने समझा कि पुल का उद्घाटन हो चुका है. नियमानुसार नए पुल की मजबूतीकरण के लिए 21 दिन पुल को पानी देकर यातायात के लिए बंद रखा जाता है. लेकिन शनिवार को उपनगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने अपना पदाधिकारियों के साथ पुल का निरीक्षण करने के बाद स्वतः की वाहन एवं एक और वाहन इस तरह 2 वाहन पुल पर से ले गए. इस बारे में शिवसेना की नगरसेविका रोहिनी भोईर ने पुल का जायजा लेने के बाद रोष व्यक्त किया है. पुल का निर्माण पूरा नहीं होते हुए भी केवल श्रेय लेने के लिए ऐसा किया गया है. ऐसा आरोप उन्होंने लगाया है. जबकि यहां के लोगों एवं वाहन चालकों को कहना है कि 21 दिन के बाद ये पुल आवाजाही के लिए खोल देना चाहिए. यहां पर एक स्कूल भी है. विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही है. सूत्रों से पता चला है कि उद्घाटन के लिए किसी बड़े नेता, मंत्री को आमंत्रित करके उद्घाटन किया जाएगा. इसलिए इस पुल के जल्द शुरू होने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं.

# डम्पिंग ग्राउंड में मिला अज्ञात महिला का शव

■ **डोंबिवली में सनसनी**

■ **कचरा डम्पिंग ग्राउंड से लाश बरामद**

■ **मृतक की नहीं हुई पहचान**



**कल्याण.** डोंबिवली के KDMC डम्पिंग ग्राउंड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। कचरा गाड़ी में एक अनजान महिला की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मौत का सही कारण अभी साफ नहीं है क्योंकि लाश सड़ी-गली हालत में है।

डोंबिवली के KDMC कचरा डम्पिंग ग्राउंड में कचरा डालने आए कचरा गाड़ी में एक महिला की लाश मिली। अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह घटना कुछ दिन पहले की है क्योंकि लाश सड़ी-गली हालत में थी।

घटना की जानकारी मिलने पर डोंबिवली डिवीजन के ACP सुहास हेमाडे तुरंत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके का मुआयना किया और पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला की पहचान अभी तक कन्फर्म नहीं हुई है, लेकिन पुलिस उसकी उम्र, रहने की जगह और मौत के कारण की जांच कर रही है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि लाश कचरा गाड़ी में कैसे आई और क्या इसके पीछे कोई क्रिमिनल मामला है। इस घटना से डोंबिवली इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# तीसरी मंज़िल से गिरकर मज़दूर की मौत

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में अवैध कंस्ट्रक्शन के गढ़ माने जाने वाले आदिवली गांव में, सीवेज चैनल के किनारे रिपेयर का काम करने के लिए एक बिल्डिंग की तीसरी मंज़िल पर चढ़े एक मज़दूर का बैलेंस बिगड़ गया। मज़दूर की बिल्डिंग की तीसरी मंज़िल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने इस मौत के मामले में डोंबिवली, कल्याण विट्ठलवाड़ी के तीन कंस्ट्रक्शन व्यवसायियों के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है।

मृतक मज़दूर का नाम कमला रामजीवन प्रसाद (65) है। वह अपने परिवार के साथ डोंबिवली ईस्ट के पिसवली गांव में टाटा पावर नाका पर कुंदन किराना स्टोर्स के बगल वाली चॉल में रहता था। परिवार के मुखिया की मौत से प्रसाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिन बिल्डरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उनके नाम हैं संतलाल ढेलई राय (63, निवासी मंगेशी अपार्टमेंट, खड़ेगोलवाली, कल्याण पूर्व), उमाशंकर छविनाथ गुप्ता (59, महादेव अपार्टमेंट, आदिवली ढोकली, झील के पास, डोंबिवली, पूर्व), भगवानदास पंचम शर्मा (55, निवासी महादेव अपार्टमेंट, आदिवली ढोकली, डोंबिवली पूर्व)।

# अब तक नहीं बन पाई ग्राउंड की गिरी हुई सुरक्षा दीवार

■ **मनपा आयुक्त के आदेश की भी अवहेलना**

**उल्हासनगर.** VTC ग्राउंड की दीवार गिरे कुछ महीने हो गए हैं। कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने मौके पर जाकर कॉन्ट्रैक्टर को यह दीवार बनाने का आदेश दिया था। लेकिन, यह अभी भी उसी हालत में है और शिवसेना गट नेता व सभागृह नेता, अरुण आशान और शिवसेना के निखिल पाटिल ने मनपा आयुक्त के आदेश की अवहेलना किए जाने का आरोप लगाया है.

VTC ग्राउंड कैंप नंबर 4 श्रीराम पेट्रोल पंप से मनेरा गांव जाने वाली सड़क पर है और इस ग्राउंड को हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बदला जा रहा है और कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है। हालांकि, कुछ महीने पहले VTC मैदान की सुरक्षा दीवार गिर गई थी। इस वजह से मलबा सड़क पर गिर गया और गीता कॉलोनी का रास्ता ब्लॉक हो गया था। जनवरी में हुए चुनाव में वार्ड 15 में शिवसेना के अरुण आशान, इंदिरा निखिल पाटिल, संगीता सपकाले, काजल जग्यासी चुने गए थे। अप्रैल में मेयर अश्विनी कमलेश निकम और कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने विकास कार्यों का रिव्यू करने के लिए वार्ड का दौरा किया था।



उस समय अरुण आशान, निखिल पाटिल ने VTC ग्राउंड की सुरक्षा दीवार गिरने का मामला कमिश्नर मनीषा आव्हाले के ध्यान में लाया था। तब कमिश्नर ने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को सड़क से मलबा हटाकर गीता कॉलोनी की सड़क साफ करने का आदेश दिया। लेकिन सुरक्षा दीवार नहीं बनाई गई और उसे वैसे ही छोड़ दिया गया। बारिश आने पर बची हुई टूटी दीवार के गिरने की संभावना है। इस वजह से अरुण आशान और निखिल पाटिल ने आशंका जताई है कि दीवार का मलबा सड़क पर गिरेगा और कॉलोनी की सड़कें ब्लॉक हो जाएंगी।

## 25 दिनों में बेटिकट यात्रियों से वसूला 14,734 का जुर्माना

**कल्याण.** केडीएमसी के परिवहन विभाग ने बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाकर 25 दिनों में 14,734 रुपये का जुर्माना वसूल किया है. परिवहन प्रबंधक विजय कुमार द्वासे के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान की जिम्मेदारी परिवहन अधिकारी संतोष हेरोडे को सौंपी गई है. आगार (डिपो) प्रबंधक दीपक चौधरी और यातायात निरीक्षक प्रमोद बागुल के मार्गदर्शन में संतोष हेरोडे के नेतृत्व में प्रवीण देशमुख, बालासाहेब एरंडे और राजेंद्र पाटकर की टीम नियमित जांच कर रही है.

20 मई से 15 जून तक चले इस विशेष अभियान के दौरान प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक विभिन्न मार्गों पर जांच की गई. इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से कुल 14,734 रुपये का जुर्माना वसूला गया.

# भीषण गर्मी में महावितरण का 'झटका'

## मरम्मत के नाम पर 7 घंटे तक अंबरनाथ के लोग अंधेरे में



**अंबरनाथ.** जून माह का 15 दिन बीत जाने के बाद भी अंबरनाथ शहर में पसीने छूट रहे हैं और असहनीय गर्मी पड़ रही है। ऐसी भीषण गर्मी में महावितरण के मिसमैनेजमेंट की वजह से मंगलवार को अंबरनाथ ईस्ट इलाके के लोगों को 7 घंटे तक बिना बिजली के रहना पड़ा। पहले से ही गर्मी से परेशान लोगों को लंबे समय तक बिजली गुल रहने और इन्वर्टर की कैपेसिटी खत्म होने की वजह से काफी परेशानी हुई। इससे गुस्साए अंबरनाथ के लोगों ने महावितरण के काम करने के तरीके पर कड़ा गुस्सा जताया है।

महावितरण ने टेक्निकल रिपेयर और मेंटेनेंस के काम के लिए मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पांच घंटे की ऑफिशियल बिजली कटौती की घोषणा की थी। हालांकि, हमेशा की तरह एडमिनिस्ट्रेटिव प्लानिंग की वजह से यह काम समय पर पूरा नहीं हो सका। इस वजह से, पांच घंटे की बिजली कटौती में दो घंटे और जुड़ गए और लगातार सात घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रही। जिन नागरिकों के घरों में बैकअप इन्वर्टर सिस्टम था, उन्हें शुरू में थोड़ी राहत मिली। लेकिन सात घंटे बिजली कटौती के बाद दोपहर में इन्वर्टर भी फेल हो गया। बिजली न होने और AC पूरी तरह बंद होने से चिलचिलाती गर्मी में पंखे और कूलर चल रहे थे। और वे भी समय के साथ फेल होते गए। बच्चे, बुजुर्ग और घर से काम करने वाले कर्मचारी बहुत परेशान थे।

> **पुराना सिस्टम और बढ़ती आबादी**
>
> अंबरनाथ शहर अब तेजी से बढ़ रहा है और शहर की कुल आबादी चार लाख तक पहुंच गई है। हालांकि, शहर में बिजली डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम अभी भी बहुत पुराना, जर्जर और इस बढ़ती आबादी के लिए नाकाफी है। नागरिकों का कहना है कि बार-बार होने वाली तकनीकी खराबी इसी पुराने सिस्टम का नतीजा है। इसलिए, अब यह मांग ज़ोर पकड़ रही है कि स्थानीय प्रतिनिधि सरकारी लेवल पर तुरंत कदम उठाएं और अंबरनाथ के लिए एक स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट पावर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम बनाएं और शहर की सभी बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करें, न कि सिर्फ़ ऊपरी मरम्मत करें।

## पत्नी और सास को चाकू मारा, मौके पर ही मौत

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में एक दामाद ने अपनी पत्नी और सास की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया. आरोपी बालू निकालजे ने पांच-छह साल पहले अपर्णा गोसावी नाम की एक युवती से शादी की थी. शादी के बाद बालू अपनी पत्नी और सास मालन गोसावी के साथ नेरुल के शिरवणे में रहता था. लेकिन उनके घर में हर दिन किसी न किसी वजह से झगड़े होते रहते थे. सिर्फ झगड़े ही नहीं, बल्कि आरोपी को अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर भी शक था. स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी सुबह घर आया. घर जाने के थोड़ी देर बाद उसे अपने घर से अपनी सास और पत्नी के चीखने की आवाजें सुनाई दीं. जब पड़ोसी देखने गए तो बालू अपनी सास और पत्नी पर चाकू से वार कर रहा था. पड़ोसियों ने उसे रोका, लेकिन वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई.

# ठाणे जिले में होर्डिंग्स का स्ट्रक्चरल ऑडिट करें

## खतरनाक होर्डिंग्स तुरंत हटाएं -डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के साफ निर्देश

**ठाणे.** डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे ने जिला प्रशासन को साफ निर्देश दिए कि जिले के सभी होर्डिंग्स का तुरंत स्ट्रक्चरल ऑडिट किया जाए ताकि होर्डिंग्स गिरने से होने वाले किसी भी हादसे को रोका जा सके और खतरनाक पाए जाने वाले होर्डिंग्स को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी एजेंसियां नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज़्यादा प्राथमिकता देते हुए मानसून के दौरान किसी भी तरह की जान का नुकसान न हो, इसके लिए सतर्कता से काम करें। ठाणे जिले में मानसून से पहले की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए डिप्टी चीफ मिनिस्टर और ठाणे के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई।



इस मीटिंग में ठाणे जिले की सड़कों, खतरनाक इमारतों, नालों की सफाई, डिजास्टर मैनेजमेंट, हेल्थ सुविधाओं और मानसून से जुड़े उपायों का डिटेल में रिव्यू किया गया। इस मौके पर डिप्टी चीफ मिनिस्टर शिंदे ने ठाणे जिले में सड़क के काम जल्द से जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर की अध्यक्षता में पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट, MSRDC और MMRDA आपस में कोऑर्डिनेट करें और पेंडिंग कामों में तेज़ी लाएं।

उन्होंने सड़कों पर गड्ढे तुरंत भरने, मॉनसून से पहले चल रहे कामों को पूरा करने और सड़कों को अच्छी हालत में लाने, और खतरनाक पुलों का तुरंत स्ट्रक्चरल इंस्पेक्शन करने का भी आदेश दिया। पिछले साल मुरबाद और मुंब्रा में हुए लैंडस्लाइड हादसों को देखते हुए घाट इलाके में सेफ्टी कामों का भी रिव्यू किया गया। दोनों जगहों पर लगभग 70 परसेंट काम पूरा हो चुका है और उन्होंने बाकी कामों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मॉनसून में 'ज़ीरो लॉस ऑफ़ लाइफ' के लक्ष्य के साथ सभी डिपार्टमेंट मिलकर और ज़्यादा मेहनत से काम करें।

इस मौके पर यह भी निर्देश दिए गए कि हर नगर निगम इलाके में कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रखकर नागरिकों को इमरजेंसी मदद दी जाए। इसके अलावा, पेड़ों के गिरने से होने वाले हादसों को रोकने के लिए खतरनाक पेड़ों की छंटाई की जाए, ट्रेन सर्विस में रुकावट आने पर यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए इमरजेंसी प्लान तैयार किया जाए और निचले इलाकों में पानी पंपिंग सिस्टम पक्का किया जाए।

> **खतरनाक इमारतों पर भी चर्चा**
>
> मीटिंग में खतरनाक इमारतों के मुद्दे पर भी डिटेल में चर्चा हुई। शिंदे ने कहा कि हर साल उन्हीं इमारतों को खतरनाक घोषित करने के बजाय, उनके रीडेवलपमेंट में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। संबंधित म्युनिसिपल कमिश्नरों को भिवंडी, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर और मुंब्रा इलाकों में खतरनाक इमारतों के रीडेवलपमेंट के लिए ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की तरह एक अलग क्लस्टर सेल बनाने और क्लस्टर स्कीम को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे खतरनाक इमारतों में रहने वाले नागरिकों को हमेशा के लिए राहत मिलेगी।

## रेलवे ने मिशन जीरो डेथ संकल्पना के लिए

# मोरीवली गांव के पास ह्यूमन चेन बनाया

■ **3 वर्षों में 40 लोगों की हो चुकी है मौत**

■ **जीआरपी, आरपीएफ ने की जागरूकता**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर के बीच रेलवे ट्रैक से लगकर मोरीवली गांव है. इस गांव के निवासी रेलवे ट्रैक क्रास करके अंबरनाथ पश्चिम में आते हैं. ट्रैक क्रास करते समय तीन वर्षों में 40 लोगों की मौत हो चुकी है.

रेलवे मंत्रालय ने मिशन जीरो डेथ संकल्पना के अनुसार बुधवार को जीआरपी, आरपीएफ ने मोरीवली गांव के पास ह्यूमन चेन बनाकर लोगों को रेल पटरी क्रास करने के लिए मना किया और गुलाब का फूल देकर कहा कि आगे से रेल पटरी क्रास न करें. यहां के पूर्व नगरसेवक भागवत ने प्रशासन से ओवरब्रिज बनाने की मांग की है. अगर ये ब्रिज बन गया तो यहां के लोग ब्रिज का इस्तेमाल करेंगे. परिसर के निवासियों एवं मजदूरों के लिए आनंद नगर एमआईडीसी कंपनियों में काम पर जाने के लिए रेलवे पटरी क्रास करके जाना एक आसान रास्ता है. इसलिए यहां पर दुर्घटनाएं होती रहती है.

पुलिस अधिकारी प्रज्ञा शेडगे ने बताया कि आरपीएफ, एसीपी, पुलिस निरीक्षक, जीआरपीएफ के एसीपी पुलिस निरीक्षक एवं उनकी टीम ने मिशन जीरो डेथ संकल्पना के अनुसार यहां पर ह्यूमन चेन बनाकर रेल पटरी क्रास करने के लिए लोगों को मना किया और जनजागृति की गई.

प्रज्ञा ने बताया कि प्रत्येक महिने के बुधवार को ये मिशन कार्यक्रम का आयोजन डेथ स्पॉट पर किया जाता है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## टेलिग्राम पर रोक

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी-2026) की शुचिता बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से जिस तरह के उपायों पर जोर दिया जा रहा है, अब उन्हीं पर सवाल उठने लगे हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को संवाद ऐप 'टेलीग्राम' पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया।

एनटीए का कहना है कि यह निर्णय इस ऐप की उस तकनीकी सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है, जिसका इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के संबंध में प्रश्नपत्र लीक के फर्जी साक्ष्य गढ़ने के लिए किया जाता है। मगर क्या सरकार के इस कदम से यह पूरी तरह सुनिश्चित हो पाएगा कि प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा? तकनीक के इस दौर में क्या कोई इसी तरह के दूसरे ऐप का इस्तेमाल नहीं कर सकता? जाहिर है कि ऐसे सतही उपाय इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते हैं।

सरकार ने 'टेलीग्राम' पर नीट यूजी की पुनः परीक्षा होने तक इसलिए रोक लगा दी, क्योंकि इसका इस्तेमाल प्रश्नपत्र लीक के फर्जी साक्ष्य गढ़ने के लिए किया जा रहा है। मगर इसकी मूल जड़ तो वहां है, जहां से प्रश्नपत्र लीक होता है। विचित्र बात है कि प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर उसके परिवहन तक की व्यवस्था को पुख्ता करने का दावा किया जा रहा है, लेकिन परीक्षा संचालन से जुड़े लोगों की जवाबदेही पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यह बात सही है कि किसी संवाद ऐप पर भ्रामक जानकारियां फैलाने से परीक्षार्थियों के मनोबल पर असर पड़ सकता है, लेकिन क्या इस तरह के ऐप पर प्रतिबंध लगा देने से समस्या का स्थायी समाधान निकल पाएगा? ऐसे तो सोशल मीडिया से जुड़े कई मंच हैं, जिन्हें इस तरह की अफवाह फैलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि 'टेलीग्राम' पर पाबंदी से लाखों ऐसे नागरिक भी प्रभावित होंगे, जो इसका इस्तेमाल वैध तरीके से निजी, शैक्षणिक और पेशेवर जानकारी से जुड़े कामों के लिए करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि सरकार परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए स्थायी समाधान खोजने की दिशा में कदम उठाए।

विमर्श

# आशंकाओं से घिरा शांति समझौता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर सहमति बनने की घोषणा के बाद पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली है। वित्तीय बाजारों में उत्साह दिखा तो कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ीं। हालांकि उम्मीद की इस किरण के पीछे कुछ आशंका भी है।

ऐसा इसलिए, क्योंकि यह कोई अंतिम शांति संधि नहीं है, बल्कि भविष्य की वार्ताओं के लिए एक रूपरेखा मात्र है। यह समझौता तत्काल संघर्ष को रोकने और अमेरिका तथा ईरान के संबंधों को नई दिशा देने का अवसर अवश्य प्रदान करता है, किंतु यह अभी भी नाजुक, विवादास्पद और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। वैसे भी कागज पर हुई शांति हमेशा धरातल पर साकार रूप नहीं ले पाती।

पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है।

इस जलमार्ग के अवरुद्ध होने से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी उथल-पुथल मच गई थी और दुनिया भर में महंगाई बढ़ने की आशंका पैदा हो गई थी। इस जलमार्ग का फिर से खुलना और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के हटने से न केवल सैन्य टकराव का खतरा घटा है, बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के सामान्य होने की उम्मीद भी जगी है।



हालांकि प्रमुख शिपिंग कंपनियों ने संकेत दे दिया है कि होर्मुज से सामान्य आवाजाही बहाल होने में महीनों लग सकते हैं। समुद्री बीमा की लागत अब भी ऊंची है, बंदरगाहों और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस समझौते की स्थिरता को लेकर अभी भी भरोसा नहीं बन पाया है। बाजार सकारात्मक खबरों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं, लेकिन व्यापार जगत केवल घोषणाओं पर नहीं, बल्कि स्थायी स्थिरता पर भरोसा करता है।

इस समझौते की सबसे बड़ी चुनौती ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुद्दा है, जिसने दोनों देशों के संबंधों को दशकों से उलझाए रखा है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ईरान ने कभी परमाणु हथियार न बनाने पर सहमति व्यक्त की है। जबकि ईरान का कहना है कि वर्तमान समझौता केवल प्रारंभिक ढांचा है और परमाणु मुद्दे पर वास्तविक बात बाद में होगी, जब दूसरे पक्ष अपने शुरुआती दायित्वों को पूरा करेंगे।

दोनों पक्षों की यह विरोधाभासी व्याख्या किसी तकनीकी अंतर का प्रश्न नहीं है, बल्कि यही इस समझौते की कमजोरी का मूल कारण भी है। ईरान पर प्रतिबंधों का मुद्दा भी उतना ही विवादास्पद है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरान को उसकी जब्त संपत्तियों तक पहुंच मिल सकती है और तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है।

अमेरिकी प्रशासन इन बातों से इन्कार करते हुए कहता है कि आर्थिक लाभ तभी मिलेंगे, जब ईरान अपने दायित्वों का पालन करेगा। यह अस्पष्टता फिलहाल दोनों सरकारों के लिए राजनीतिक रूप से उपयोगी हो सकती है, क्योंकि वे घरेलू स्तर पर इसे अपनी जीत के रूप में पेश कर सकती हैं, लेकिन भविष्य में यही अस्पष्टता गंभीर विवाद का कारण भी बन सकती है।

अमेरिका और ईरान दोनों की घरेलू राजनीति इस समझौते के भविष्य को प्रभावित करेगी। अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसदों ने समझौते के बारे में अधिक जानकारी मांगी है। कई सांसद इससे असंतुष्ट हैं कि कांग्रेस को भरोसे में नहीं लिया गया। ट्रंप प्रशासन ने फिलहाल भले ही एक कूटनीतिक गुंजाइश बनाई हो, लेकिन इसे स्थायी समझौते में बदलने के लिए उसे गहरे राजनीतिक विभाजन से जूझना पड़ेगा।

ट्रंप के लिए यह समझौता राजनीतिक दृष्टि से लाभकारी कहा जा सकता है। मध्यावधि चुनावों से पहले जारी युद्ध, तेल की ऊंची कीमतें और अनिश्चित परिणाम उनकी राजनीतिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकते थे। इसके विपरीत यह समझौता उन्हें एक निर्णायक और शांति स्थापित करने वाले नेता के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देता है।




हम सारे संसार को तो नहीं बदल सकते, लेकिन हम अपने व्यक्तिगत संसार को अवश्य बदल सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अमेरिकी दबाव के बीच भारत का नया दांव

अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने और उसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए विकल्प तलाशने तथा पहले से स्थापित साझेदारी को विस्तार देने को लेकर भारत के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। इस क्रम में अब भारत, फ्रांस और स्लोवाकिया के बीच आपसी संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर पर ले जाने की सहमति बनी है।

फ्रांस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना कर 32 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा रेल सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए समझौते को भी अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह स्लोवाकिया से द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग समेत कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के लिए ग्यारह समझौते किए गए हैं।

ये समझौते इसलिए अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि इससे अमेरिका के विकल्प के रूप में भारत की पहुंच अन्य विदेशी बाजारों तक बढ़ेगी। साथ ही इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी गति मिलेगी, जो देश के आत्मनिर्भर होने के लिए बेहद जरूरी है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारत पर पचास फीसद शुल्क



लगाया था, जिसका सीधा असर देश के निर्यात पर पड़ा था। हालांकि, बाद में अमेरिका ने इस शुल्क को कम कर दिया था, लेकिन भारत ने इसे एक सबक की तरह लिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दुनिया के दूसरे बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के प्रयास शुरू किए। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते इन्हीं प्रयासों का नतीजा हैं।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया दौरे के दौरान इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के साथ साझेदारी को विस्तार देने का प्रयास किया है। फ्रांस के साथ तेरह मुद्दों पर सहमति बनी है, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, तकनीक, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग शामिल हैं।

इस दौरान फ्रांस से 114 रफाल लड़ाकू विमान खरीदने की भारत की योजना पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि भारत ने किसी भी रक्षा मंच के मामले में इस आधार पर आगे बढ़ने पर जोर दिया, जिसमें देश की अधिक से अधिक स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल हो और रक्षा उत्पादों का विनिर्माण भी देश की धरती पर हो।

इसी तरह भारत और स्लोवाकिया ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए ग्यारह समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही दोनों देशों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई है। इस व्यापक साझेदारी का उद्देश्य न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि मौजूदा बहुपक्षीय स्तर पर भी सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है।

इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से जिस तरह के मनमाने फैसले दूसरे देशों पर थोपे जा रहे हैं, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पैदा हुए संकट के पीछे अमेरिका की अहम भूमिका रही है। ऐसे में भारत के लिए व्यापार के वैकल्पिक बाजार तलाशना बेहद जरूरी है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका की मनमानी नीतियों का प्रभाव कम किया जा सके।

# परफेक्ट फैमिली प्लानिंग - एक ही तारीख को जन्में 3 बच्चे

फैमिली प्लानिंग की बातें अक्सर सुनने को मिलती हैं, लेकिन भारत का एक परिवार तो इसकी मिसाल

**जरा हट के**

ही बन गया. इस परिवार के तीनों बच्चे अलग-अलग वर्षों में लेकिन ठीक एक ही तारीख यानी 10 जून को पैदा हुए हैं. और सबसे रोचक बात यह है कि तीनों डिलीवरी करवाने वाली डॉक्टर रामोला जेनेट डायना का जन्मदिन भी 10 जून ही है. एक परिवार में चार जन्मदिन एक ही तारीख पर, यह दुर्लभ संयोग पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है. सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे "डेस्टिनी", "परफेक्ट टाइमिंग" और "ईश्वरीय कृपा" बता रहे हैं.

परिवार की अनोखी कहानी

पालायमकोट्टई के इस परिवार ने पहला बच्चा 10 जून को जन्म दिया था. परिवार को लगा कि यह महज संयोग है. लेकिन जब दूसरा बच्चा भी ठीक 10 जून को पैदा हुआ तो सब हैरान रह गए. तीसरे बच्चे के जन्म के समय तो पूरा परिवार और अस्पताल स्टाफ भी उत्सुकता से इंतजार कर रहा था. और हुआ भी वही, तीसरा



बच्चा भी 10 जून को ही पैदा हुआ. तीनों बच्चों की डिलीवरी डॉक्टर रामोला जेनेट डायना ने ही करवाई. जब परिवार ने डॉक्टर का जन्मदिन पूछा तो पता चला कि उनका जन्म भी 10 जून को ही हुआ था. यह सुनकर हर कोई दंग रह गया. अब परिवार हर साल 10 जून को चार गुना धूमधाम से जन्मदिन मनाता है.

### डॉक्टर का बयान

डॉक्टर रामोला जेनेट डायना ने कहा कि इतने सालों में उन्होंने हजारों डिलीवरी करवाई हैं, लेकिन ऐसा संयोग पहले कभी नहीं देखा. उन्होंने बताया कि तीनों बार डिलीवरी के समय कोई खास प्लानिंग नहीं थी, फिर भी बच्चे इसी तारीख को पैदा हुए. डॉक्टर का कहना है कि यह ईश्वर की मर्जी और प्रकृति का खेल लगता है. वे खुद इस संयोग से बेहद खुश हैं और परिवार को आशीर्वाद देती हैं.

# आम की आइसक्रीम




गर्मियों में आइसक्रीम खाने का अपना अलग ही मजा होता है। चिलचिलाती गर्मी और तेज धूप में ठंडी-ठंडी आइसक्रीम अलग ही राहत पहुंचाती है। हालांकि, बार की आइसक्रीम अक्सर सेहत के लिए हानिकारक होती है। ऐसे में बच्चों को यह समझाना मुश्किल हो जाता है। अगर आपके बच्चे भी लगातार आइसक्रीम खाने की जिद कर रहे हैं, तो उनके लिए घर पर ही स्टफ्ड मैंगो कुल्फी बनाएं।

**सामग्री :**

- 300 मिली फुल फैट दूध
- 3-4 आम
- 2 बड़े चम्मच चीनी
- पिस्ता या केसर (गार्निश के लिए)

**विधि :**

इस कुल्फी को बनाने के लिए सबसे पहले दूध को तब तक उबालना होगा जब तक कि इसकी मात्रा आधी न रह जाए। अब इसमें चीनी और पिस्ता मिलाएं और इसे पूरी तरह से ठंडा होने दें।



दूध को उबालने में लगभग 30-40 मिनट लग सकते हैं, इसलिए इसे बीच-बीच में चलाते करें। इस बीच आम का आकार बरकरार रखते हुए उसके बीज निकाल दें। आम के ऊपरी भाग को हटा दें और बाद में इस्तेमाल करने के लिए अलग रख दें।

आम को धीरे से निचोड़ें और बीज के चारों ओर का पल्प निकालने के लिए चाकू का उपयोग करें। फिर गुटली को बाहर निकालें और किसी कप या गिलास में आम के शेल को सीधा करके रखें। इन आम के शेल को तैयार कुल्फी के मिश्रण से भरें और आम का ऊपरी हिस्सा इसके ऊपर रख दें। इसके बाद 3 से 4 घंटे तक फ्रीज में रखें। फिर छिलका हटा दें और स्लाइस में काटकर और इसे ठंडा-ठंडा परोसें।

# युवाओं में बढ़ रही हैं किडनी की बीमारियां

## कहीं आप भी तो नहीं हैं शिकार?

किडनी की बीमारियों पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं। युवा आबादी में किडनी से संबंधित बीमारियों का खतरा काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वैसे तो संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर होता है पर ये कम उम्र के लोगों में किडनी से संबंधित जानलेवा दुष्प्रभावों को बढ़ाने वाली मानी जा रही है। हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका में



अनुमानित 37 मिलियन (3.7 करोड़) लोग क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से पीड़ित हैं। इनमें से बड़ी संख्या 30 साल से कम आयु के लोगों की है। शुरुआती चरणों के दौरान, 10 में से नौ लोगों को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह बीमारी है। अगर किडनी की बीमारी का समय रहते पता चल जाए और उसका सही तरीके से इलाज हो जाए, तो गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

किडनी की समस्याओं पर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो ये जानलेवा भी हो सकती है।

### क्यों बढ़ रही हैं किडनी की बीमारी?

दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतों को किडनी की बीमारियों को बढ़ाने वाला माना जाता रहा है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हाई कोलेस्ट्रॉल के शिकार लोगों में क्रोनिक किडनी डिजीज होने का खतरा अधिक हो सकता है। जहां तक बात कम उम्र या युवा आबादी में किडनी के बीमारियों के बढ़ने की है तो इसके लिए मुख्यरूप से दो स्थितियों को जिम्मेदार माना जा रहा है- धूम्रपान और बढ़ा हुआ रक्तचाप।

### धूम्रपान की आदत खतरनाक

धूम्रपान का नकारात्मक असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है, पर इस आदत के कारण किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है। धूम्रपान आपके दिल और रक्त वाहिकाओं (कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम) को नुकसान पहुंचती है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो सकता है। रक्त प्रवाह में होने वाली समस्याओं का जोखिम किडनी की सेहत के लिए भी बहुत हानिकारक माना जाता है। किडनी सहित संपूर्ण सेहत को ठीक रखने के लिए धूम्रपान से दूरी बनाकर रखने की सलाह दी जाती है।

### उच्च रक्तचाप के भी नुकसान

कई अध्ययनों में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि युवा आबादी में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती जा रही है। समय के साथ उच्च रक्तचाप आपके पूरे शरीर में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है, इससे किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों में रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है। उच्च रक्तचाप के कारण आपकी किडनी में मौजूद छोटी फिल्टरिंग इकाइयां भी क्षतिग्रस्त होने लग जाती हैं जिससे किडनी का सामान्य कार्य बाधित होने लगता है। रक्त से अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ निकालने में होने वाली समस्या संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**वृषभ :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा।

**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा।

**कन्या :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें।

**मीन :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# दही में भुना जीरा मिलाकर खाने से क्या होता है?

गर्मी का पारा लोगों को परेशान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है. इस मौसम में लोग तमाम ऐसी चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाने हैं जो पेट को ठंडक दे सकें. दही ऐसी चीजों में से एक है. जी हां, दही की तासीर ठंडी होती है, जो पेट को कूल रखने में मदद कर सकता है. यही वजह है कि लोग दही को लस्सी और रायता समेत कई तरह से खाते हैं. लेकिन, क्या आपने कभी दही में भुना जीरा मिलाकर खाया है? अगर नहीं तो इस कॉम्बिनेशन का जरूर करें सेवन. ऐसा करने से सेहत को ढेरों लाभ हो सकते हैं. अब सवाल है कि आखिर दही में भुना जीरा मिलाकर खाने से क्या होता है? इस बारे में बता रही हैं रिजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ की डाइटिशियन रितु त्रिवेदी-

## दही में भुना जीरा खाने के 5 कमाल फायदे

**पेट के फायदेमंद:** डाइटिशियन रितु त्रिवेदी बताती हैं कि, दही और भुने जीरा का कॉम्बिनेशन पेट के लिए फायदे का सस्सा सौदा है. इसलिए अगर आपको पेट में दर्द, गैस, कब्ज, अपच या भूख नहीं लगने की समस्या है तो दही के साथ भुना जीरा मिलाकर खाएं. ऐसा करने से पेट को ठंडक तो मिलेगी ही. साथ ही भूख बढ़ेगी और खाना तेजी से पचेगा.

**आंखों के लिए असरदार:** आंखों से हल्का या धुंधला दिखाई देने पर भी दही में



भुना जीरा मिलाकर खा सकते हैं. बता दें कि, दही और जीरा दोनों में ही विटामिन ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में यदि आप इन दोनों चीजों को डाइट में शामिल करते हैं तो आंखों की रोशनी को बढ़ावा मिल सकता है.

**सीने में जलन से राहत:** एक्सपर्ट की मानें तो सीने में होने वाली जलन को शांत करने के लिए भी दही और भुने जीरे का सेवन फायदेमंद है. दरअसर, दही की तासीर ठंडी होती है, जोकि जलन को तेजी से कम करने की क्षमता रखता है.

**डायबिटीज कंट्रोल करे:** दही और भुने जीरे का खासियत है कि इसे डायबिटीज के मरीज भी खा सकते हैं. ये कॉम्बिनेशन ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में असरदार साबित हो सकता है. दरअसल, दही और जीरा दोनों में एंटी डायबिटिक गुण होते हैं जो डायबिटीज के जोखिम को कम कर सकते हैं.

**बीपी काबू में रखे:** डाइटिशियन के मुताबिक, दही और भुना जीरा ब्लड प्रेशर के मरीज भी खा सकते हैं. बता दें कि, दही और जीरे में मैग्नीशियम पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने में मदद करता है, जिससे ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है.

# आप जो पनीर खा रहे हैं वो कितना शुद्ध?

डेयरी प्रोडक्ट्स में पनीर का सेवन लोग काफी अधिक करते हैं. पनीर से कई तरह की रेसिपी बनाई जाती है और ये खाने में बेहद टेस्टी होते हैं. मार्केट में कई कंपनियों के पैक्ड पनीर उपलब्ध होते हैं. इतना ही नहीं लोकल मार्केट में अब पॉलीथिन में भी पनीर बिकने लगे हैं और लोग इसे खूब खरीदते हैं. लेकिन, क्या कभी आपने सोचा है कि आप जो पनीर खा रहे हैं, वह असली है या नकली? क्वालिटी और टेस्ट में पनीर कितना अच्छा है. खासकर, गर्मियों के मौसम में ऐसी चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं, यदि सही कूलिंग टेम्परेचर में ना रखा जाए. ये खराब होने पर स्वाद में खट्टे लग सकते हैं, जिसे खाकर फूड पॉयजनिंग हो सकती है. ऐसे में कुछ खाट टिप्स-ट्रिक्स के जरिए आप पनीर की शुद्धता और गुणवत्ता की पहचान कर सकते हैं.




1. खराब पनीर खाने से आपको फूड जनित बीमारियां हो सकती हैं. नकली पनीर में नुकसानदायक तत्व या फिर पैथोजेन्स होते हैं, जिसकी वजह से आप बीमार पड़ सकते हैं. जब आप पनीर खरीदें तो सबसे पहले उसके रंग को ध्यान से देखें. यदि वह सफेद या ऑफ-वाइट रंग का है, तो पनीर शुद्ध है. उसका टेक्सचर भी स्मूद हो. यदि बेहद हल्का गुलाबी, हरा जैसा दिखे तो इसे बिल्कुल भी ना खरीदें. ऐसा पनीर नकली हो सकता है.
2. जब भी पनीर खरीदें तो थोड़ा सा उंगलियों से तोड़कर देखें. यह भुरभुरा हो तो ठीक है, लेकिन अत्यधिक नर्म या गूदेदार न हो. शुद्ध पनीर की बनावट सख्त लेकिन सॉफ्ट होती है.
3. शुद्ध पनीर खाने में बहुत अधिक खट्टा नहीं होता. इसकी खुशबू माइल्ड और दूध जैसी लगनी चाहिए. बहुत अधिक महक आए या स्मेल करने पर खट्टा लगे तो भूलकर भी न खरीदें.
4. आप घर पर भी पनीर की शुद्धता की पहचान कर सकते हैं. इसके लिए एक ग्लास पानी लें. इसमें पनीर का छोटा सा टुकड़ा डालें. असली और शुद्ध पनीर पानी में डूब जाएगा और टूटेगा नहीं, जबकि मिलावटी पनीर पानी में घुल सकता है या फिर टूट सकता है.
5. आप एक पैन में छोटा सा पनीर का टुकड़ा बिना तेल या पानी के डालकर गर्म करें. शुद्ध पनीर जब गर्म होगा तो वह नमी छोड़ेगा और उसका शेप बरकरार रहेगा. वहीं, नकली पनीर टूट जाएगा. पानी भी काफी निकलेगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### ट्रिपल मर्डर: शादी में बाधा प्रेमिका के चाचा का खून, सबूत मिटाने को 2 चाची की भी हत्या

**प्रयागराज.** यूपी के प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर केस की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा ली। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी हिमांशु यादव को हाफ एनकाउंटर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ पांच और आरोपी भी गिरफ्तार हुए हैं। आरोपियों ने एक ही परिवार के तीन बुजुर्ग लोगों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। पुलिस की पूछताछ में मुख्य आरोपी हिमांशु यादव ने लव अफेयर में तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने की बात कबूली है। हिमांशु ने पहले अपनी प्रेमिका के चाचा को खूंटे से मारा, फिर चाचा की हत्या का सबूत बन गई दो चाचियों की भी हत्या कर दी।

### बरेली-मथुरा हाइवे पर ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत

**बदायूं.** यूपी के बदायूं से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां बुधवार को उझानी क्षेत्र में बरेली-मथुरा हाइवे पर करुआ पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ई-रिक्शा सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उझानी क्षेत्र के बरेली-मथुरा हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में सवार महिलाएं शादी समारोह में भात की दावत लेकर जा रही थीं। इसी दौरान मंडी से आ रहे ट्रैक्टर ने करुआ पुल के पास ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी तीन घायल हो गए।

### ज्वैलरी शॉप में काम देने के बहाने सर्राफ ने किशोरी से किया रेप, न्यूड हालत में रखा

**कानपुर.** यूपी के कानपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां फजलगंज में ज्वैलरी शॉप में काम करने वाली एक किशोरी ने दुकानदार पर रेप का आरोप लगाया। किशोरी के मुताबिक आरोपित ने किसी से शिकायत करने पर परिवार समेत चोरी के आरोप में जेल भिजवाने और जान से मरवाने की धमकी दी थी। किशोरी ने आरोपित की हरकतों से तंग आकर इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से की। जिनके आदेश पर फजलगंज पुलिस ने रेप और पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में सर्राफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फजलगंज की रहने वाली 15 साल की किशोरी ने बताया कि बीते 1 मई को वह दर्शनपुरवा स्थित अशोका ज्वैलर्स की दुकान पर काम कर रही है। आरोप है कि कुछ दिनों बाद ही दुकान मालिक अशोक कुमार रस्तोगी ने अश्लील हरकतें करने शुरू कर दी। विरोध करने पर चोरी के आरोप में लगाकर नौकरी से निकालने और पूरे परिवार को जेल भिजवाने व हत्या करवाने की धमकी देता था। आरोपित उसे स्कूटी सिखाने के बहाने बिठूर के फॉर्म हाऊस ले गया। जहां उसके साथ रेप किया।

### हुक्का बार की आड़ में चलाया देह व्यापार

यूपी पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए गैंगस्टर की अवैध संपत्तियां जब्त कर ली है। गैंगस्टर ने हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार का संचालन किया और फिर इसकी कमाई से संपत्तियां अर्जित की। इस संपत्ति पर अब पुलिस एक्शन ले रही है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने गैंग पर बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गोरखपुर शहर में हुक्का बार की आड़ में संचालित देह व्यापार के बड़े नेटवर्क के खुलासे के बाद पुलिस अब गिरोह की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कस रही है। इसी क्रम में रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपित अनिरुद्ध ओझा उर्फ सोखा की करीब 18 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर दी है। पुलिस का दावा है कि यह संपत्ति अपराध से अर्जित धन से बनाई गई थी।

# अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी पार्टी घोषित करेंगे

- टीम में 50 से कम उम्र के ही सदस्य होंगे
- 'वी द लीडर' आंदोलन चला रहे

**चेन्नई.** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी नई पार्टी के नाम, नीति और संगठन की घोषणा करेंगे। वे नवंबर-दिसंबर में पूरे राज्य का दौरा करेंगे।

अन्नमलाई 'वी द लीडर' आंदोलन के जरिए युवाओं को जोड़ रहे हैं। अपने गृहनगर अरावकुरिची में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। पार्टी के जिला समन्वयकों में 50 साल से छोटे लोग ही होंगे।




### टारगेट पर ही फोकस

ओबीसी+एमबीसीः अभिनेता से नेता बने सीएम सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने दलित और अल्पसंख्यक वोटों पर मजबूत पकड़ बनाई है। इसलिए अन्नामलाई गैर-दलित वोट बैंक, विशेषकर ओबीसी, एमबीसी (मोस्ट बैकवर्ड क्लास) और सामान्य वर्ग पर फोकस करेंगे।

**कोंगु क्षेत्रः** इस क्षेत्र को सत्ता का प्रवेश द्वार कहते हैं। यहां 57 विस सीटें हैं। किसी धार्मिक पहचान के अन्ना यहां के मध्यम वर्गीय किसान, व्यापारी पर फोकस करेंगे।

### 2020 में भाजपा जॉइन की, 6 साल बाद इस्तीफा

- अन्नामलाई ने 25 अगस्त 2020 को BJP जॉइन की थी। उस समय वे कर्नाटक कैडर के पूर्व IPS अधिकारी थे। पार्टी में शामिल होने के तुरंत बाद तमिलनाडु BJP का उपाध्यक्ष बनाया गया था।
- 2021 को उन्हें तमिलनाडु BJP का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अप्रैल 2025 तक इस पद पर रहे। तमिलनाडु में BJP के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान चलाया।
- एन मन्न, एन मक्कल (मेरी धरती, मेरे लोग) यात्रा निकाली, जिसके जरिए राज्यभर में जनसंपर्क किया। 2021 विधानसभा चुनाव में अरवाकुरिची सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए।
- DMK सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लगातार उठाया। 2024 लोकसभा चुनाव में कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए।

# मानसून कमजोर

- देश के 40% हिस्सों में बारिश की कमी
- राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक के ऊपर बादल नदारद



**नई दिल्ली.** भारत में मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार थम गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 40% हिस्सों में बारिश में कमी आई है। सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य और पश्चिमी भारत के बड़े हिस्से से बादल गायब नजर आ रहे हैं।

17 जून की सुबह INSAT-3DS सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक का आसमान साफ दिख रहा है।

मानसून की धीमी रफ्तार की वजह से देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया यानी डिप्रेशन का न बनना है।

4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 7 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है।

### जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं।

जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली अत्यंत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

# एक ही नाम पर 23 डेबिट कार्ड, 95 करोड़ का खेल

- ED ने विदेशी फंडिंग नेटवर्क की खोली परत दर परत पोल
- निशाने पर NGO

**नई दिल्ली.** केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ED) की जांच में एक ऐसे कथित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क का खुलासा होने का दावा किया गया है, जिसके जरिए विदेशी फंड को बैंकिंग नियमों और नियामकीय निगरानी से बचाते हुए भारत में इस्तेमाल किया जा रहा था। इस पूरे गोरखधंधे के केंद्र में अमेरिका स्थित संगठन 'द टिमोथी इनिशिएटिव' (TTI) है। उसके भारतीय सहयोगी और विदेशी ऑपरेटिव इसे ऑपरेट कर रहे हैं। ED की जांच में पता चला है कि इस क्रॉस-बॉर्डर नेटवर्क का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंकिंग नियमों और जरूरी कंप्लायंस मैकेनिज्म को दरकिनार करके भारत में विदेशी फंड लाने के लिए किया जाता था।




CNN-News18 की रिपोर्ट के मुताबिक, ED की जांच में सामने आया है कि अमेरिका के ट्रूइस्ट बैंक (Truist Bank) द्वारा जारी किए गए 1,000 से अधिक डेबिट कार्ड 2019 से भारत में वितरित किए गए थे। इन कार्डों का उपयोग उन व्यक्तियों द्वारा किया गया जो वास्तविक खाताधारक नहीं थे, ताकि विदेशी धन को सीधे एटीएम के माध्यम से निकाला जा सके। जांच का एक अहम पहलू फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स और लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों की जांच-पड़ताल से बचने की कथित कोशिशों से जुड़ा है।

करोड़ों रुपये का लेन-देन

ED की प्रारंभिक जांच के अनुसार, नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच लगभग 92.55 करोड़ रुपये ($9.99 मिलियन) का उपयोग इस तंत्र के माध्यम से किया गया। इसके अलावा जनवरी 2024 से मार्च 2026 के बीच सिर्फ एटीएम निकासी के जरिए लगभग 44 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि अजीत मैथाई से जुड़े परिसरों की तलाशी में 37 लाख रुपये नकद (ज्यादातर 500 के नोटों में) और कॉर्पोरेट डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।

# ममता बनर्जी सरकार में मंत्री रहे उदयन गुहा गिरफ्तार

- CM शुभेंदु अधिकारी पर हमले का आरोप

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सत्ता जाने के बाद एक-एक करके तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नेताओं को पुराने मामलों में गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के फूलबागान से पूर्व मंत्री उदयन गुहा को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्व विधायक को तोलाबाजी (जबरन वसूली) के आरोप में कूचबिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, अभी तक पुलिस ने इस मामले में कोई जानकारी नहीं दी है कि उदयन को किस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक उदयन के ऊपर आरोप हैं कि उन्होंने सरकारी अस्पताल में बच्चों की एक यूनिट बनवाने के नाम पर बाजार से करोड़ों रुपए जुटाए थे। लेकिन उसके बाद इसमें धांधलेबाजी की। इस मामले में शिकायतकर्ता रूपम साहा ने कहा कि यह कार्रवाई होनी ही चाहिए थी। उन्होंने आरोप



लगाया कि उदयन ने 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद उदयन ने करीब 20 से 25 करोड़ रुपए इकट्ठे किए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने 40 से 50 लाख रुपए का ही काम करवाया।

उदयन गुहा के ऊपर वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पिछले साल सितंबर में अपने काफिले के ऊपर हमले का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं उस समय पर तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष ने ममता सरकार के ऊपर आरोप लगाया था कि वह उदयन को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले पर कोई जानकारी नहीं दी है कि पूर्व मंत्री को किस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## PM मोदी के विशेष विमान में राष्ट्रीय प्रतीक की अधूरी झलक

- 13 साल की लड़की ने पकड़ी चूक, PMO को लेटर लिखकर दिया सुझाव



**डूंगरपुर.** जिस बात पर वर्षों से देश के बड़े-बड़े अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रोटोकॉल से जुड़े लोगों का ध्यान नहीं गया, उसे डूंगरपुर की 13 साल की बेटी ने पकड़ लिया। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली किम भारतीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष विमान 'एयर इंडिया वन' पर अंकित राष्ट्रीय प्रतीक 'अशोक स्तंभ' की अधूरी दिखाई देने वाली छवि को लेकर चिंता जताई है। उसने इस संबंध में 15 जून को सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) को पत्र लिखकर सुझाव भेजा है।

किम प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से जुड़ी खबरें और तस्वीरें नियमित रूप से देखती हैं। हाल ही में जब प्रधानमंत्री फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर थे, तब टीवी पर प्रसारित दृश्यों को देखते हुए किम की नजर एक तकनीकी चूक पर गई। उसने गौर किया कि जैसे ही विमान का मुख्य दरवाजा खुलता है, राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का एक हिस्सा उसके पीछे छिप जाता है। इससे भारत के राष्ट्रीय प्रतीक की पूरी आकृति दिखाई नहीं देती।

# अब अखिलेश की सपा में टूट का दावा

- राजभर ने कहा-रामगोपाल ने अमित शाह को चिट्ठी सौंपी

**लखनऊ.** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अगुवाई वाली समाजवादी पार्टी (एसपी) में भी बड़ी टूट होने का दावा किया है। ममता बनर्जी की अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के ज्यादातर सांसदों के टूटकर एक नई पार्टी में शामिल होने



और उद्धव ठाकरे की शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) में बचे अधिकतर सांसदों के अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना में जाने की अटकलों के बीच राजभर के इस बयान से यूपी के राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। ओमप्रकाश राजभर हाल के दिनों में अखिलेश यादव पर लगातार तंज और आरोप की लय में आरोप लगा रहे हैं।

ओपी राजभर ने बुधवार की सुबह सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक ट्वीट में दावा किया है कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी। उन्होंने लिखा है कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता रामगोपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को एक चिट्ठी सौंपी है। राजभर ने रिश्ते में अखिलेश के चाचा रामगोपाल यादव का नाम लेकर अमित शाह को लेटर देने की बात कहकर सनसनी पैदा कर दी है। लाइव हिन्दुस्तान इस बात की पुष्टि नहीं कर सकता है कि रामगोपाल यादव ने अमित शाह को कोई चिट्ठी सौंपी है या नहीं, और अगर सौंपी है तो उसमें लिखा क्या है। राजभर ने भी इस चिट्ठी के मजमून को लेकर कुछ साफ नहीं कहा है, जिससे सस्पेंस गहरा दिख रहा है।

# हल्दीघाटी युद्ध महाराणा प्रताप जीते, लेकिन चर्चा उल्टी -भागवत

**इतिहासकारों ने ऐसा नैरेटिव बनाया; अकबर की जयंती कहीं नहीं मनाई जाती**

**उदयपुर.** उदयपुर में राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध को लेकर इतिहासकारों ने केवल नैरेटिव बनाया। युद्ध में केवल जीत महाराणा प्रताप की हुई थी।

मुगलों के ही इतिहासकार लिखते हैं कि मुगलों को पीछे खिसकना पड़ा। फिर विजय किसकी हुई? हल्दीघाटी में विजय का ही परिणाम है कि आज महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जा रही है, अकबर की जयंती कोई नहीं मनाता है।

दरअसल, महाराणा प्रताप की जयंती 486वीं जयंती और



हल्दीघाटी विजय के 450 साल पूरे होने पर उदयपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज उदयपुर के गांधी ग्राउंड में सभा का आयोजन किया गया। इसमें आरएसएस प्रमुख के अलावा सीएम भजनलाल शर्मा व अन्य भाजपा नेता भी पहुंचे थे।

### कॉकारोच की बात पर मुस्कुराने लगे भागवत

संकल्प सभा निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि आज कई लोग हमारी एकता को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे लिए राष्ट्र ही प्रथम होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि निर्मल कीचड़ से कमल का जन्म होता है। जबकि, मलयुक्त कीचड़ से केवल कॉकरोच का जन्म होता है। हमें ध्यान रखना होगा कि हमें केवल निर्मल कमल की ओर ही बढ़ना होगा।

## गुजरात में सड़क हादसे में 6 की मौत, 31 घायल

- मरने वालों में 9 साल का बच्चा भी
- बांसवाड़ा से सूरत जा रही बस खड़े ट्रक से टकराई

**वडोदरा.** गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही SDRF, NDRF और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मेसी की फुटबॉल वर्ल्डकप में पहली हैट्रिक



- टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागने के रिकॉर्ड की बराबरी की
- 11 इंटरनेशनल हैट्रिक लगा चुके

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने बुधवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक लगा दी है। यह वर्ल्ड कप में मेसी की पहली हैट्रिक भी है। मेसी की यह हैट्रिक खास मौके पर आई है। उन्होंने 2006 में 17 जून को ही फीफा वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच खेला था।

38 साल के मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ 17वें, 60वें और 76वें मिनट में गोल दागे। वे 78 मिनट के बाद मैदान से बाहर चले गए। मेसी के इस दमदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे के मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से हराया। मेसी अब तक 11 इंटरनेशनल हैट्रिक लगा चुके हैं। मैच अमेरिकी शहर कैनसस सिटी के एरोहेड स्टेडियम में खेला गया।

इस जीत से अर्जेंटीना ग्रुप-जे के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर आ गई है। अर्जेंटीना अब 22 जून को ऑस्ट्रिया से भिड़ेगा। अल्जीरिया की टीम अपने अगले मैच में जॉर्डन से भिड़ेगी।

### मैच में खास

मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। यह रिकॉर्ड जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के नाम था।

मेसी 5 अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दुनिया के दूसरे फुटबॉलर बने हैं। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी यह कारनामा कर चुके हैं।

### मेसी ने 200वां मैच खेला

मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ शुरुआती मिनटों में गोल कर मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मुकाबला मेसी के इंटरनेशनल करियर का 200वां मैच भी था। उनका इंटरनेशनल करियर 2005 में 18 वर्ष की उम्र में शुरू हुआ था। उनसे ज्यादा मैच केवल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कुवैत के बदर अल-मुतावा ने खेले हैं।

### दूसरे हाफ में छाए मेसी, 3 गोल दागे

ब्रेक के बाद मेसी लगातार अर्जेंटीना के हमलों का केंद्र बने रहे। पहले उन्होंने दूर से शॉट लगाया और फिर लाउतारो मार्टिनेज को शानदार पास दिया। उनका दूसरा गोल तब आया जब मैक एलिस्टर के तेज शॉट को गोलकीपर लुका जिदान पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सके।

मेसी ने मौके का फायदा उठाते हुए रिबाउंड पर गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में बॉक्स के बाहर से कर्लिंग शॉट लगाकर हैट्रिक पूरी की और स्टेडियम में मौजूद अर्जेंटीनी समर्थकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया।

## 4 देशों की पदयात्रा कर चुका स्ट्रे डॉग गुरुग्राम पहुंचा



**गुरुग्राम.** कभी कोलकाता की गलियों में छुट्टा घूमने वाला डॉग अब दुनिया भर में छाया है। अब इसे पीस का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है। नाम मिला है 'आलोका'। USA समेत 4 देशों में कई हजार किलोमीटर पैदल चल चुका स्ट्रे डॉग अब गुरुग्राम पहुंचा।

होटल में हुए कार्यक्रम में स्ट्रे डॉग से मिलने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हुए। पशु प्रेमियों ने डॉग के साथ फोटो क्लिक कराए। ऑटोग्राफ के तौर पर पंजे के प्रिंट्स लिए। एक फैन तो डॉग के सामने बैठकर हाथ जोड़े नजर आया।

आलोका ने 2 दिन पहले दिल्ली में बौद्ध भिक्षुओं संग पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से भी मिल चुका है। इससे पहले आलोका ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ अमेरिका में वॉक फॉर पीस में ही करीब 3700 किलोमीटर की पैदल यात्रा की है।

बौद्ध भिक्षु पन्नकारा ने बताया-आलोका कोलकाता की गलियों में घूमता रहता था।

# कर्नाटक में अब क्या होने जा रहा?

- रिसॉर्ट में शिफ्ट हुए कांग्रेस और JDS के विधायक

**बेंगलूरु.** कर्नाटक विधान परिषद (MLC) की 7 सीटों पर गुरुवार को होने वाले चुनाव से पहले राज्य में एक बार फिर 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' की वापसी हो गई है। चुनाव में क्रॉस वोटिंग और विधायकों की गैरमौजूदगी के डर से कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर (JDS) ने अपने-अपने विधायकों को बेंगलुरु के आसपास अलग-अलग रिसॉर्ट में शिफ्ट कर दिया है।

विधान परिषद चुनाव के लिए



कांग्रेस ने 5 और बीजेपी ने 2 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। वहीं, जेडीएस ने पर्याप्त संख्याबल नहीं होने के बावजूद ऐन मौके पर अपना एक उम्मीदवार उतार दिया है, जिससे यह मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।

- विधायकों को दी गई वोटिंग की खास ट्रेनिंग

मंगलवार शाम को कांग्रेस विधायक दल (CLP) की बैठक हुई। इसके बाद पार्टी ने अपने सभी विधायकों को बेंगलुरु दक्षिण जिले के एक रिसॉर्ट में रुकने का निर्देश दिया। वोटिंग के दिन (गुरुवार) इन सभी विधायकों को रिसॉर्ट से सीधे विधानसभा (विधान सौधा) ले जाया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जेडीएस द्वारा कांग्रेस विधायकों से संपर्क साधे जाने की आशंका जताई। इस दौरान विधायकों को वोटिंग की ट्रेनिंग भी दी गई, क्योंकि इस चुनाव में प्राथमिकता के आधार पर वोट डाले जाते हैं।

- कुमारस्वामी ने आरोपों को किया खारिज

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय इस्पात व भारी उद्योग मंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने कांग्रेस विधायकों को लालच देने के दावों को सिरे से खारिज किया है। बुधवार को उन्होंने कहा, ₹हमने अपना उम्मीदवार सिर्फ इसलिए उतारा है ताकि हमारी पार्टी के वोट एकजुट रहें। हम किसी भी गलत तरीके से यह सीट जीतने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।₹

## संक्षेप...

### BMC ने स्विमिंग पूल और कंस्ट्रक्शन साइट्स का पानी रोका

**मुंबई.** शहर को पीने का पानी सप्लाई करने वाली सात प्रमुख झीलों का जलस्तर तेजी से गिर रहा है। इस जल संकट से निपटने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने कड़े कदम उठाते हुए बुधवार से शहर के सभी स्विमिंग पूल और निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट्स की जल आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। शहर में पानी की स्थिति की समीक्षा करने के लिए पालिका आयुक्त अश्विनी भिडे की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

# उद्धव ठाकरे की पार्टी टूटी, 9 में से 6 सांसद बागी

- **राउत ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में गाली दी**
- **4 साल पहले शिंदे 39 विधायकों के साथ अलग हुए थे**

**मुंबई/नई दिल्ली.** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने शिंदे गुट की शिवसेना में विलय के लिए बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी भेजी है।

सूत्रों के मुताबिक, चिट्ठी भेजने वाले सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल का नाम शामिल है। संजय दीना पाटिल ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा- मैं उद्धव ठाकरे की पार्टी का सांसद हूं और इसी पार्टी में रहूंगा।

इधर, शिवसेना (UBT) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को गाली दी। राउत ने कहा- ये साले #$% के। ये बेईमान लोग हैं। बेईमानी उनके खून में हैं।



राउत ने बाद में मीडिया से कहा- मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं।

शिवसेना में 4 साल के बाद यह दूसरी बार टूट हुई है। इससे पहले जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायक शिवसेना से अलग हो गए थे। बगावत से उद्धव ठाकरे सरकार गिर गई। बाद में शिंदे गुट को पार्टी का असली शिवसेना का नाम और धनुष-बाण सिंबल मिला।

- **उद्धव सांसदों को मनाने में जुटे, 18 जून को दिल्ली में बैठक बुलाई**

उद्धव और अन्य पार्टी लीडर्स अपने सांसदों से लगातार संपर्क करने और उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली में संसदीय समिति की बैठक बुलाई है।

न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, पार्टी ने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया है। जो सांसद बैठक में नहीं आएंगे, पार्टी उनके खिलाफ डिस्क्वालिफिकेशन की कार्रवाई कर सकती है।

### राउत बोले- सांसदों को 50-50 करोड़ ऑफर

राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि बागी सांसदों को 50-50 करोड़ रुपए ऑफर हुए हैं। राउत ने कहा- मेरे पास जानकारी है कि सांसदों को 15-15 करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं और उन्हें 3 चार्टर्ड विमानों से दिल्ली लाया गया है।

राउत की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना (UBT) के 9 में से सिर्फ 3 सांसद, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और अरविंद सावंत मौजूद रहे। राउत ने कहा कि बाकी सांसदों को खुद सामने आकर अटकलों का खंडन करना चाहिए।

# भिवंडी में नकली कॉस्मेटिक्स कंपनी पर FDA का छापा

- **करोड़ों रुपये के कॉस्मेटिक्स का स्टॉक ज़ब्त**

**भिवंडी.** फ़ूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट के कमिश्नर तुकाराम मुंढे नियुक्ति के बाद से एक्शन मोड में हैं. गुटखा और फ़ूड प्रोडक्ट्स में मिलावट के बाद, उन्होंने अपना ध्यान ब्यूटी एडमिनिस्ट्रेशन की ओर लगाया है। भिवंडी तालुका के दापोड़े इलाके में हरिहर कॉम्प्लेक्स में 'सिग्मा लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड' है। फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को जानकारी मिली थी कि इस फ़ैक्टरी में बिना लाइसेंस के कॉस्मेटिक्स बनाए जा रहे थे।



जब फ़ूड इंस्पेक्टर्स की एक टीम ने हाल ही में उस जगह पर छापा मारा, तो पता चला कि कंपनी बिना प्रोडक्शन लाइसेंस के भी कॉस्मेटिक्स बना रही थी।

कार्रवाई के दौरान, 1 करोड़ 23 लाख 13 हज़ार 393 रुपये का सामान ज़ब्त किया गया। खास बात यह है कि इसमें बच्चों के लिए इस्तेमाल होने वाले साबुन और शैम्पू भी शामिल हैं। इस कंपनी के पास कोई वैलिड लाइसेंस नहीं था और उसने ऑनलाइन मार्केट में कस्टमर्स को गुमराह करने के लिए प्रोडक्ट्स पर नकली टेक्स्ट और अंधेरी का नकली पता प्रिंट किया था। फैक्ट्री में कोई क्वालिटी टेस्टिंग लैब या टेस्ट रिकॉर्ड नहीं मिला। इस कार्रवाई में क्रीम भरने वाली मशीनें, श्रीक रैपिंग मशीनें, लेबलिंग मशीनें, ऑटोमैटिक पाउडर भरने वाली मशीनें, एयर कंप्रेसर, वज़न तौलने का कांटा, जनरेटर, प्रोडक्शन के लिए कच्चा और तैयार माल समेत कुल 1 करोड़ 23 लाख 13 हज़ार 393 रुपये का सामान ज़ब्त किया गया। संबंधित फैक्ट्री के ज़िम्मेदार लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है। नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### एमएमआर इलाके में 'देवाभाऊ टैक्सी'

**मुंबईः** मुंबई और एमएमआर (MMR) इलाके में सफर करने वाले यात्रियों और टैक्सी चालकों दोनों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। निजी ऐप-आधारित कैब कंपनियों द्वारा वसूले जाने वाले भारी कमीशन और मनमाने किराये से निजात दिलाने के लिए सरकार जल्द ही 'देवाभाऊ सहकार टैक्सी' और 'छावा टैक्सी' ऐप सेवा शुरू करने जा रही है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य मुंबईकरों को सस्ता और सुरक्षित सफर मुहैया कराना और वाहन चालकों को बिना किसी कॉर्पोरेट कमीशन के उनकी मेहनत का सीधा मुनाफा पहुंचाना है।

योजना के पहले चरण के तहत शुरुआत में कम से कम 3,000 युवाओं को टैक्सी उपलब्ध कराकर उन्हें 'देवाभाऊ टैक्सी सर्विस' के नाम से परमिट दिए जाएंगे।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में बढ़ते क्राइम को कंट्रोल करने के लिए कदम उठाए जाएं

- **महापौर शर्मिला पिंपलोलकर का पुलिस आयुक्त को पत्र**

**ठाणे.** शहर में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे को महापौर शर्मिला पिंपलोलकर को पत्र लिखकर रोकथाम के उपाय लागू करने को कहा है। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं।पिछले कुछ दिनों से ठाणे मनपा क्षेत्र में अलग-अलग तरह की आपराधिक घटनाएं बढ़ती देखी गई हैं। खासकर शहर के व्यस्त इलाकों में और दिन में होने वाली घटनाओं की वजह से नागरिकों में डर का माहौल बन गया है।

ठाणे राज्य के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है और हर दिन लाखों नागरिक, छात्र, महिलाएं और सीनियर सिटिजन अलग-अलग वजहों से शहर में घूमते हैं।

ऐसे में पुलिस प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के लिए सतर्क रहना चाहिए, ऐसा महापौर ने पत्र में कहा है।महापौर शर्मिला पिंपलोलकर ने पुलिस आयुक्त को लिखे एक पत्र में कहा है, इसके लिए शहर के सेंसिटिव और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ानी होगी, बड़े चौराहों, मार्केट, रेलवे स्टेशन और पब्लिक जगहों पर स्पेशल पुलिस टीम तैनात करनी होगी, क्रिमिनल लोगों के खिलाफ प्रिवेंटिव एक्शन लेना होगा, CCTV सिस्टम की असरदार मॉनिटरिंग और कंट्रोल बढ़ाना होगा, लोगों में लॉ एंड ऑर्डर और सोशल मेलजोल बनाए रखने का भरोसा जगाने के लिए पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन चलाने होंगे, और लोकल पुलिस स्टेशनों के ज़रिए एरिया-वाइज मीटिंग करके लोगों और पुलिस के बीच कोऑर्डिनेशन बढ़ाने पर भी ध्यान देना होगा।

### क्रिकेट के विवाद का बदला लेने तलवार से जानलेवा हमला

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका के गुंदवली गांव में क्रिकेट टीम की बैठक के दौरान हुए विवाद का बदला लेने के लिए दो लोगों ने एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। युवक ने झुककर वार बचा लिया, जिससे उसकी जान बच गई। आरोपियों ने बाद में उसके घर के बाहर पहुंचकर खुलेआम धमकियां भी दीं। नारपोली पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गुंदवली गांव निवासी प्रवीण हरिश्चंद्र म्हात्रे (47) ने योगेश यशवंत म्हात्रे और उसके एक साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता और आरोपी एक-दूसरे को जानते हैं तथा एक ही गांव में रहते है। शिकायत के मुताबिक 12 जून को गांव में फोर्टी प्लस क्रिकेट टीम की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान आरोपी योगेश म्हात्रे वहां पहुंचा और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी।

# कक्षा नौवीं व दसवी के विद्यार्थियों को मुफ्त दी जाएंगी पाठ्यपुस्तकें

- **भिवंडी महानगर पालिका का निर्णय**

**भिवंडी.** शिक्षा का स्तर सुधारने, स्टूडेंट्स की एजुकेशनल नींव मज़बूत करने और आर्थिक रूप से कमज़ोर तबके के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए ज़रूरी सुविधाएँ देने के मकसद से, भिवंडी मनपा ने एक ज़रूरी फ़ैसला लिया है। मनपा स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा नौवीं और दसवीं के लगभग 2815 स्टूडेंट्स को एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए मुफ़्त टेक्स्टबुक दी जाएँगी।

यह पहल महापौर नारायण रतन चौधरी और आयुक्त अनमोल सागर (B.P.S.) की दूरगामी सोच और स्टूडेंट्स की एजुकेशनल तरक्की के मकसद से लागू की जा रही है। शिक्षा सामाजिक बदलाव का एक असरदार तरीका है और यह फ़ैसला म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के एजुकेशन की क्वालिटी के कमिटमेंट को दिखाता है।



खास बात यह है कि इस स्कीम के लिए मनपा ने अपने बजट में 'डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम एजुकेशन कैंपेन' नाम से एक अलग अकाउंट बनाया था और इसके लिए 1 करोड़ रुपये का फंड सुरक्षित किया था। स्टूडेंट्स को मुफ़्त टेक्स्टबुक देने की यह पहल उसी फंड से लागू की जाएगी।

ये टेक्स्टबुक सरकारी वेयरहाउस के ज़रिए महाराष्ट्र स्टेट टेक्स्टबुक प्रोडक्शन एंड करिकुलम रिसर्च बोर्ड (बालभारती) से खरीदी जाएंगी। इससे स्टूडेंट्स को सरकार से मंज़ूर, अपडेटेड और अच्छी क्वालिटी की टेक्स्टबुक मिलेंगी।

इस बारे में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने साफ़ किया है कि टेक्स्टबुक किसी प्राइवेट सेलर, एजेंट, सप्लायर या दूसरे बिचौलिए के ज़रिए नहीं खरीदी जाएंगी। पूरी खरीद प्रक्रिया ट्रांसपेरेंट, रेगुलेटेड और सरकारी तरीके से लागू की जाएगी और इस पहल का मुख्य मकसद स्टूडेंट्स को ऑथराइज़्ड और सर्टिफाइड टेक्स्टबुक देना है।

इस स्कीम का फ़ायदा सिर्फ़ भिवंडी मनपा स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को मिलेगा। एजुकेशन डिपार्टमेंट ने यह पक्का करने के लिए ज़रूरी कार्रवाई शुरू कर दी है कि नए एकेडमिक साल की शुरुआत में स्टूडेंट्स तक टेक्स्टबुक पहुँच जाएं।

श्री गुरुराणी नागकन्या (योगिनी) व श्री जिम्मी नागपुथ (योगीराज) ट्रस्ट द्वारा

# जरूरमंदों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 स्थित आशेला गांव में श्री गुरुराणी नागकन्या (योगिनी) व श्री जिम्मी नागपुथ (योगीराज) ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंदों में स्कूली सामग्री का वितरण 14 जून की सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया गया।

यह कार्यक्रम शिव लीला गाजरे लेवा हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने शामिल होकर स्कूली सामग्री का लाभ उठाया। ट्रस्ट द्वारा आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। प्रसिद्ध समाजसेवक शिवाजी रगड़े व उपस्थित महिलाओं के हाथों बच्चों में सामग्री का वितरण हुआ।

### आम सूचना

मैं श्री रिंकेश रविंद्र साहू सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 03एओ014036300) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेंद्र राधेश्याम साहू ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 8.6.2026 सी.नं. 1747/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रिंकेश रविंद्र साहू**

### आम सूचना

मैं श्रीमती विमला रविंद्र साहू सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, शिवसेना शाखा के पास, उल्हासनगर-1 (टैक्स नं. 03एओ014040300) उक्त प्रॉपर्टी श्री राधेश्याम शंभू साहू के नाम पर है उनका निधन 10.7.2005 को हुआ और श्रीमती रामरथी राधेश्याम साहू का निधन 8.9.1989 में हुआ। श्री राजेंद्र राधेश्याम साहू व श्री रविंद्रकुमार राधेश्याम साहू ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 8.6.2026 सी.नं. 1751/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती विमला रविंद्र साहू**

### आम सूचना

मैं श्री सुनिल बुधा खैरनार सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 204, दूसरा मजला, आरती दर्शन को.आप हाउसिंग सोसायटी लि. ब्लॉक ए-18, रुम नं. 103 व 104, यू.नं. 2 व 3 शिट नं. 82, बैरक नं. 403 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014830200) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुशिलकुमार लक्ष्मणदास अमरनानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.6.2026 सी.नं. 502/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनिल बुधा खैरनार**

# लंदन में फैमिली के साथ टाइम बिता रहीं अनुष्का शर्मा

- **पति विराट बेटे अकाय को कंधे पर उठाए नजर आए**
- **रिलेक्स्ड अंदाज में दिखीं एक्ट्रेस**

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली इस समय लंदन में फैमिली टाइम बिता रहे हैं। हाल ही में अनुष्का, विराट और उनके बेटे अकाय की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में विराट अपने बेटे अकाय को कंधे पर उठाए नजर आ रहे हैं।

अनुष्का भी इस आउटिंग में अपने परिवार और दोस्तों के साथ काफी रिलेक्स्ड अंदाज में दिखीं। लंबे समय से लाइमलाइट से दूर रह रहीं अनुष्का और विराट इन दिनों अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं।



### दोस्तों के साथ बिताया खास वक्त

तस्वीरों में अनुष्का और विराट यूके के किसी पार्क में धूप का आनंद लेते हुए दिख रहे हैं। एक अन्य फोटो में यह कपल अपने दोस्तों के साथ बातचीत करता हुआ नजर आ रहा है। यह पूरा परिवार फिलहाल क्रिकेट से दूर अपने पर्सनल समय का आनंद ले रहा है। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि अकाय के जन्म के बाद से ही अनुष्का और विराट ने अपना घर लंदन शिफ्ट कर लिया है, हालांकि कपल की तरफ से इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### प्राइवेट लाइफ को लेकर सतर्क रहते हैं अनुष्का-विराट

अनुष्का और विराट अपने बच्चों की प्राइवेसी को लेकर काफी सख्त रहते हैं। इस आउटिंग की तस्वीरों में भी अकाय का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। कपल की पहले भी कई बार ऐसी तस्वीरें वायरल हुई हैं, लेकिन वे हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं कि उनके बच्चों की तस्वीरें बिना इजाजत सार्वजनिक न हों।

# टेम्पो ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

- **एक युवक घायल**
- **टेंपो चालक फरार**

**भिवंडी.** भिवंडी-डोंबिवली मार्ग पर तेज रफ्तार टाटा 407 टेंपो के चालक ने गलत दिशा में वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कूटी चालक मुरारी झा (20) की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार डोंबिवली निवासी मुरारी रामकुमार झा (20) अपने मित्र भावेश तिवारी (19) के साथ सुजुकी बर्गमैन स्कूटी क्रमांक एमएच-03 एलजे-9939 द्वारा सुबह करीब 6.30 बजे मानकोली की ओर जा रहा था। जैसे ही उक्त दोनों डोंबिवली ब्रिज पर पहुंचे सामने से आ रहे टाटा 407 टेंपो (एमएच-03 सीपी-2650) के चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए साइड में जा रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुरारी के सिर, चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में स्कूटी पर पीछे बैठे भावेश तिवारी के माथे और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।






### आम सूचना

मैं श्रीमती मिनाक्षी सुनिल खैरनार सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 205, दूसरा मजला, आरती दर्शन को.आप हाउसिंग सोसायटी लि. ब्लॉक ए-18, रुम नं. 103 व 104, यू.नं. 2 व 3 शिट नं. 82, बैरक नं. 403 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014830300) उक्त प्रॉपर्टी श्री पवनकुमार सुशिल अमरनानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.6.2026 सी.नं. 507/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मिनाक्षी सुनिल खैरनार**

### आम सूचना

हम श्री देवलाल रतन रिसवाल व श्री संजय रतन रिसवाल सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, आन प्लाट, ब्लॉक ए-79 के सामने, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 13बीआय015531800) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्री मुकेश भाऊराव महिरे से सेल एग्रीमेंट 16.6.2026 सी.नं. 1892/2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री देवलाल रतन रिसवाल**
**व श्री संजय रतन रिसवाल**






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099